| |
|---|
| दिनांक 22.06.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 27/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद बस्ती/थाना कलवारी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 22.06.2024 को थाना कलवारी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अगौना बाजार से पुरस्कार घोषित अभियुक्त राज उर्फ भीमराव को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कलवारी पर पंजीकृत हत्या के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कलवारी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राज उर्फ भीमराव निवासी ग्राम गोसैसीपुर थाना कलवारी जनपद बस्ती।

## जनपद सीतापुर/थाना रामपुरकलां

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 22.06.2024 को थाना रामपुरकलां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कमलापुर जनपद सीतापुर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध

जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 17 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुरकलां पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अयोध्या निवासी ग्राम असोधन थाना सिधौली जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद आजमगढ़/थाना जहानागंज**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 93 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 22.06.2024 को थाना जहानागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मसीविर महुआ में सूखी नहर के किनारे रोड पर मोटर साइकिल सवार बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त साजन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 93 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 22.06.2024 को थाना जहानागंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जहानागंज

पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जहानागंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–साजन निवासी ग्राम चकिया भटौली थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–लूट के 93 हजार रूपये नगद।

2–01 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद इटावा/थाना चौबिया

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटनाओं का अनावरण**
- **लूटे गये 02 सोने की अंगूठी, 03 मोबाइल फोन**
- **लूट के 05 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 21/22.06.2024 की रात्रि थाना चौबिया, थाना बसरेहर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर राहिन नहर पुल पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–गुलशन 2–सुघल 3–जितेन्द्र उर्फ जीतू घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 02 सोने की अंगूठी, 03 मोबाइल फोन, लूट

के 05 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना चौबिया क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चौबिया पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद अंगूठी, मोबाइल फोन, रूपये लूट की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त गुलशन के विरूद्ध जनपद इटावा, मैनपुरी के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 14 अभियोग, अभियुक्त सुघल के विरूद्ध जनपद इटावा के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग व अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू के विरूद्ध लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना चौबिया पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–गुलशन निवासी बिजनौरा थाना सकरावां जनपद कन्नौज।

2–सुघल निवासी हरिसिंहपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी।

3–जितेन्द्र उर्फ जीतू निवासी ग्राम घुमरैया थाना किशनी जनपद मैनपुरी।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूटे गये 02 सोने की अंगूठी, 03 मोबाइल फोन।

2–लूट के 05 हजार रूपये नगद।

3–01 मोटर साइकिल।

4–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद अलीगढ़/थाना बन्नादेवी

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 10 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 22.06.2024 को थाना बन्नादेवी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर स्मृति सिटी के पीछे वाला रास्ते पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त चॉद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 10 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 13.06.2024 को थाना बन्नादेवी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बन्नादेवी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बन्नादेवी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1—चॉद निवासी मोहल्ला पुरानी तहसील थाना खैर जनपद अलीगढ़।

### बरामदगी

1—लूट के 10 हजार रूपये नगद।

2—01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद फतेहगढ़/थाना कोतवाली कायमगंज

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 05 लाख रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 22.06.2024 को थाना कोतवाली कायमगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अताईपुर जाने वाली सड़क मार्ग से अभियुक्त जबर सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 05 लाख रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कायमगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कायमगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जबर सिंह निवासी ग्राम धमधमा थाना शमशाबाद जनपद फतेहगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 05 लाख रूपये नगद।

## जनपद अलीगढ़/थाना टप्पल

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 22.06.2024 को थाना टप्पल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोहल्ला गंज टप्पल में खाली जगह में खड़े कीकर के पेड़ के पास से 03 अभियुक्तों 1–अमित 2–सुमित 3–जौनी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 दो पहिया वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना टप्पल पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अमित निवासी ग्राम कृपालपुर थाना टप्पल जनपद अलीगढ़।

2–सुमित निवासी ग्राम बुढ़ाका थाना टप्पल जनपद अलीगढ़।

3–जौनी निवासी मोहल्ला विकासनगर प्रधान चौक गली नं0–09 उत्तमनगर थाना नरौला, नई दिल्ली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 07 दो पहिया वाहन।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना टूण्डला**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **171 किलो अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

दिनॉकः 21.06.2024 को थाना टूण्डला पुलिस व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुराना बाई पास रोड गैस प्लाट से पहले रोड पर ग्राम जरौली कलां से 02 अभियुक्तों 1–बन्टी 2–बिजेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 171 किलो अवैध गांजा व घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना टूण्डला पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बन्टी निवासी खेरिया कल्याणपुर थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर हालपता–माहेश्वरी गोयल कालोनी थाना धारूहेड़ा जनपद रेवाड़ी, हरियाणा।

2–बिजेन्द्र निवासी मनौता थाना पुन्हाना जनपद नूह, हरियाणा।

**बरामदगी**

1–171 किलो अवैध गांजा।

2–घटना में प्रयुक्त ट्रक।

——————